भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 3141

गुरूवार, 19 मार्च, 2026/28 फाल्गुन, 1947 (शक)

बिहार में एमसीसी की स्थापना

3141. डा. भीम सिंह:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि राष्ट्रीय कैरियर सेवा परियोजना के अंतर्गत बिहार के 38 जिलों में से केवल 20 जिलों में ही मॉडल कैरियर सेंटर (एमसीसी) स्थापित किए गए हैं;

(ख) क्या यह सच है कि शेष 18 जिलों में एमसीसी के अभाव के कारण रोजगार मेलों, करियर काउंसलिंग और उद्योग-जुड़ाव के लाभ युवाओं तक समान रूप से नहीं पहुंच पा रहे हैं; और

(ग) क्या राज्य के सभी 38 जिलों में एमसीसी स्थापित करने हेतु कोई समयबद्ध कार्य योजना, बजटीय प्रावधान और जिला-वार लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)

(क) से (ग): सरकार राष्ट्रीय रोजगार सेवा के रूपांतरण के लिए राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) परियोजना कार्यान्वित कर रही है ताकि रोजगार संबंधी विभिन्न प्रकार की सेवाएं जैसे रोजगार खोज एवं मिलान, आजीविका परामर्श, कौशल विकास पाठ्यक्रमों पर सूचना, नियोजनीयता मूल्यांकन, नियोजनीयता संवर्धन प्रशिक्षण आदि प्रदान किया जा सके।

सरकार द्वारा एनसीएस परियोजना के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सहयोग से 407 मॉडल करियर केन्द्रों (एमसीसी) को अनुमोदित किया गया है।

राज्य सरकार से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर बिहार राज्य में अब तक 20 एमसीसी मॉडल करियर केंद्र (एमसीसी) का अनुमोदन किया गया है। ये केंद्र आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से रोजगार चाहने वालों (युवाओं सहित) और नियोक्ताओं को राज्य और अन्य संस्थानों के सहयोग से ऑनलाइन/ऑफलाइन रोजगार मेलों का आयोजन करने, नियोक्ताओं को संगठित करने, स्थानीय स्तर पर ऑनलाइन/ऑफलाइन करियर परामर्श प्रदान करने आदि जैसी करियर संबंधी सेवाएं प्रदान करते हैं।

*****